C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 80 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 12 सितम्बर 2024

बॉक्स ऑफिस पर कम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### हल्द्वानी में हर रोज बढ़ रहे डेंगू के मरीज

**हल्द्वानी।** शहर में डेंगू के मरीजों की तादात बढ़ती नजर आ रही है। हर रोज डेंगू के मरीज में इजाफा हो रहा है। डेंगू जैसी घातक बीमारी ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं, यहां पर दो और लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है, बेस अस्पताल में दो और सुशीला तिवारी अस्पताल में एक मरीज डेंगू पॉजिटिव पाया गया है, जबकि 6 संदिग्ध मरीज भी सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती हैं। अब अस्पताल प्रशासन अलर्ट मोड पर है, जिसको लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल में 30 बेड का एक आइसोलेटेड वार्ड तैयार किया गया है, जबकि आईसीयू में 10 बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित रखे गए हैं। डेंगू के लक्षण मिलते ही तुरंत कार्ड टेस्ट किया जा रहा है, जिले की एसीएमओ चिकित्सिका श्वेता भंडारी के मुताबिक डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसके लिए 20 लोगों की टीम गठित की गई है। यह टीम कई जगहों पर शिविर लगा रही है, स्वास्थ्य विभाग डेंगू के बचाव को लेकर लगातार जन जागरूकता अभियान चला रहा है। श्वेता भंडारी का कहना है डेंगू के मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से अच्छा इलाज मिल रहा है और उन मरीजों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### 15 फीट नीचे गिरा वाहन सात लोग थे सवार

**रुद्रप्रयाग।** जिले के बांसवाड़ा में एक हादसा हो गया। वाहन सड़क से नीचे गिर गया, जिसमें सात लोग सवार थे। रुद्रप्रयाग के बांसवाड़ा क्षेत्र में एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में चालक सहित सात लोग सवार बताए जा रहे हैं। सवार सभी लोग स्थानीय थे। गुरुवार सुबह जानकारी मिले कि एक वाहन बांसवाड़ा में दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से 15 फीट नीचे गिर गया है। वाहन में चालक सहित सात लोग सवार थे। सभी को हल्की चोटें हैं। जिन्हें पीएचसी अगस्त्यमुनि में भर्ती किया गया है।

## देहरादून समेत सात जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, चार में बंद रहेंगे स्कूल

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग ने हिदायत दी है कि संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोग दिन के साथ रात को भी सतर्कता से रहें। इसके अलावा अगर आवश्यक न हो तो पर्वतीय इलाकों में यात्रा करने से बचें।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (बृहस्पतिवार) भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत हरिद्वार, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में बिजली चमकने के साथ भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से 12 और 13 सितंबर के लिए विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी दो दिन भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। हालांकि 14 सितंबर को बारिश हल्की हो जाएगी।



### देहरादून समेत चार जिलों में बंद रहेंगे स्कूल

मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 12 एवं 13 सितंबर को जनपद देहरादून में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जनपद के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन की संभावना बढ़ जाती है। किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिले में कक्षा 01 से 12 तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थान, आंगनबाडी केंद्रों में बृहस्पतिवार को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। चमोली, चंपावत और बागेश्वर में भी कक्षा 01 से 12 तक स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

15 सितंबर को देश के विभिन्न राज्यों दौड़ेगी ट्रेनें

## दस नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दोपहर में 2.25 बजे गया से हावड़ा के लिए रवाना होगी और रात करीब आठ बजे तक हावड़ा पहुंचेगी। इसके बाद हावड़ा से अगले दिन सुबह 6.50 बजे चलेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को देश के विभिन्न राज्यों को 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों से होकर गुजरेंगी। जिससे इन शहरों में रहने वाले लोगों को काफी फायदा होगा। नई 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में से तीन अकेले ओडिशा को मिलेंगी।

यह ट्रेन झारखंड के देवघर से वाराणसी के कैंट स्टेशन के बीच चलेगी। यह ट्रेन सुबह वाराणसी से देवघर के लिए रवाना होगी और फिर शाम तीन बजे देवघर से चलकर वापस वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोपहर में 2.25 बजे गया से हावड़ा के लिए रवाना होगी और रात करीब आठ बजे तक हावड़ा पहुंचेगी। इसके बाद हावड़ा से अगले दिन सुबह 6.50 बजे चलेगी और दोपहर में करीब 1.20 बजे गया जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, प्रधानखनटा, आसनसोल, दुर्गापुर से होकर गुजरेगी। आगरा कैंट स्टेशन से वाराणसी के बीच चलने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टूंडला जंक्शन, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज से होकर गुजरेगी। आगरा से सुबह छह बजे चलकर यह ट्रेन दोपहर में करीब एक बजे वाराणसी पहुंचेगी।



साथ ही दोपहर में 3.20 बजे यह ट्रेन वापस आगरा के लिए रवाना हो जाएगी। यह ट्रेन सुबह छह बजे हावड़ा से चलेगी और खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर होते हुए 11.50 बजे तक राउरकेला पहुंचेगी। दोपहर में करीब 1.40 बजे यह ट्रेन वापस हावड़ा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित हो सकती है। यह ट्रेन सुबह छह बजे टाटानगर से रवाना होकर सात घंटे की दूरी तय कर बिहार की राजधानी पटना पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर में तीन बजे पटना से रवाना हो जाएगी और रात करीब 11 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

## आफत की बारिश: दीवार गिरने से पांच लोगों की मौत

**मैनपुरी**
एजेंसी

मैनपुरी में बारिश के कहर ने पांच लोगों की जान ले ली। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। गांव राजलपुर और शिवपुरी में मकान की दीवार गिरने से हादसे हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मैनपुरी में बारिश के कहर में अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की जान ले ली। बुधवार की रात कुरावली के गांव राजलपुर और भोगांव के शिवपुरी में मकान की दीवारें गिरने से हादसे हुए हैं। दो बच्चों सहित पांच लोग की मौत के बाद घरों में चीख पुकार मची है। पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

थाना कुरावली क्षेत्र राजलपुर में बृहस्पतिवार की सुबह दीवार गिरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला की कप्तान सिंह जाटव के मकान की दीवार बारिश के कारण गिर गई है। हादसे में छप्पर के नीचे सो रहीं ममता देवी (40) और दिलीप कुमार (35) निवासी डी - 29/ए इरशाद गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद की दीवार के मलबा में



दबकर मौत हो गई। थाना भोगांव क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी मनोज यादव का पक्का मकान बन रहा है। जिस कारण बुधवार की रात वह पत्नी फूलन देवी, दो बच्चों 3 वर्षीय हर्ष और दो माह की वर्षा के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे मकान की कच्ची दीवार भर भराकर दंपती और बच्चों पर पलट गई। हादसे मे दोनों मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। रात में प्रभारी निरीक्षक गगन कुमार गौड़ ने मौके पर पहुंचकर बच्चों के शव मलबा से निकलवाकर मोर्चरी भिजवाए। हादसों में दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत के बाद घरों में चीख पुकार मची है।

वहीं तीसरी घटना भोगांव क्षेत्र के गांव कटरा ब्योंति कलां की है। यहां के रहने वाले रामू (25) पर बुधवार की रात मकान की दीवार पलट गई। हादसे में रामू की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## नैनीताल जिले में बारिश से 21 सड़कें हुई बंद

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल जिले में बीते बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश का क्रम गुरवार को भी जारी रहा। जिले में बीते 24 घंटे में हल्द्वानी-काठगोदाम में सबसे अधिक 138.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई जबकि रामनगर में सबसे कम 13.2 एमएम बारिश हुई। वहीं जिले भर में बारिश से 21 सड़कें बंद हो गई हैं। बारिश के बाद मैदानी क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में 67.0 एमएम, श्री कैंची धाम में 60.3 एमएम, धारी में 45.0 एमएम, बेतालघाट में 62.5 एमएम, कालाढूंगी में 37.0 एमएम, मुक्तेश्वर में 46.6 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है। बारिश से तल्ली सेठी-बेतालघाट-रामनगर, भुजान-बेतालघाट, रामनगर-भंडारपानी, गर्जिया-बेतालघाट, कांडा-डोन परैवा-आमगढी, कांडा-डोमास कफड़िया, पांडेगांव-रानीकोटा, देवीपुरा-सौड, फतेहपुर-पीपल अडिया, पदमपुरी-बबियाड, बिनकोट-चंद्रकोट, लोहाली-धुवाब्लॉक, नौना-प्यासी, भीडापानी-महतौली समेत 21 मार्ग बंद हो गये हैं। तीन राज्य मार्ग शामिल हैं। वहीं बोहराकोट व ओखलढूंगा में कुछ स्थानों पर पेयजलापूर्ति बाधित है।

**दिक्कत**

- बीते 24 घंटे में हल्द्वानी में सबसे अधिक 138.0 वर्षा रिकार्ड की गई

## गणेश महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**हल्द्वानी।** रामलीला मैदान में चल रहे गणेश महोत्सव के पांचवें दिन प्रात:काल की पूजा-अर्चना के मुख्य यजमान विपिन बंसल ,तरंग बंसल रहे।

सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समय मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, विधायक सुमित हृदयेश ने भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रवचन बसंत त्रिपाठी द्वारा गणेश परिवार पर दिया गया। उसके बाद राजमणि डांस एकेडमी, वैश्य महिला समिति द्वारा महिला उत्पीड़न विषय पर आधारित कार्यक्रम, सुर साधना ,कल्पिता संगीत नृत्य विद्यालय, डी हाउस आर्ट एण्ड डांस स्टूडियो, विलीवर डांस एकेडमी, माही ग्रुप, राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर, साधना डांस सिटी,आर एस एस द्वारा ड्रम घोष बैण्ड द्वारा बेहद मनभावन प्रस्तुतियां दी गयीं।

## हादसा: ट्रक में घुसी अर्टिगा, अलीगढ़ से घूमने निकले चार दोस्तों की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर**
एजेंसी

मुजफ्फरनगर जनपद के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई। ये सभी अलीगढ़ से घूमने के लिए निकले थे। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए।

मुजफ्फरनगर जनपद के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर पचैंडा बाईपास के निकट हुए दर्दनाक हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई। यहां अर्टिगा गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी।

हादसे में अर्टिगा सवार अलीगढ़ के थाना गोंडा के गांव गोणअडा निवासी जुगल पुत्र ललित कुमार, भोला पुत्र



महेंद्र पाल, गिरिन पुत्र शिवचरण और राहुल पुत्र बृजवीर की मौत हो गई। तीन युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी युवक गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार घूमने जा रहे थे। नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ मंडी रुपाली राव ने बताया कि ट्रक को छोड़ कर चालक फरार हो गया।

# नंदा देवी मेले में बच्चों ने बिखरे संस्कृति रंग

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**





नंदा देवी मेले के तीसरे दिन स्कूली बच्चों ने बिखरे संस्कृति रंग भवाली प्रसिद्ध नंदा देवी मेले के तीसरे दिन आज सांस्कृतिक मंच में अपण बोली अपण बात कार्यक्रम के तहत जीबी पंत स्कूल डिबेट जैन कॉल वी एड स्कूल लेक्स इंटरनेशनल जीजीआईसी के जूनियर और सीनियर वर्ग लिटिल वंडर स्कूलके जूनियर सरस्वती शिशु मंदिर कुमाऊनी भाषा में के बच्चों ने कुमाऊनी भाषा में लोकगीत और नृत्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

आज के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट थे अजय भट्ट अपने संबोधन में कहा कि कुमाऊं में नंदा देवी की बड़ी असीम कृपा रहती है यह उत्तराखंड की आराध्य देवी है और सभी की मनोकामना को पूरी करने वाली है पुरानी भवाली में नंदा देवी महोत्सव की आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास बहुत अच्छा है उन्होंने कहा कि कि जनता के आशीर्वाद ने उन्हें फिर दोबारा संसद में भेजा है।

वह क्षेत्र की सभी समस्याओं के बारे में संविधान सेल है और उनका आवश्यक प्रयास रहेगा कि क्षेत्र बच्चों की सभी परेशानियों को वह दूर करने में समर्थ हूं स्थानी युवाओं की मांग पर उन्होंने खेल में जाने के समतलीकरण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की भवाली और आसपास के क्षेत्र के लिए एक 84 करोड़ की योजना शासन से स्वीकृत हो गई है बहुत जल्दी इसमें कार्रवाई होने की संभावना है कि उनका यह प्रयास रहेगा कि वह क्षेत्र की सेवा बेहतर से कर पाए उन्होंने बताया कि जो रिकॉर्ड से बागेश्वर तक एक नेशनल हाईवे की चोरी कारण और सुधार करना सौंदर्यकरण के लिए 180 करोड़ की योजनाएं केंद्र से स्वीकृत हो गई है और बहुत जल्दी इसमें काम शुरू हो जाएगा जैसे यहां के लोगों का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित कार्यक्रम का संचालन तरुण जोशी ने किया होगा इस मौके पर विधायक सरिता आर्या सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत की खीमा शर्मा पंकज प्रकाश आर्यकी नीम बिष्ट निर्णायक मंडल के निर्मल कांडपाल डॉ उषा तिवारी पंकज अदिति जुगल मतपाल मुकेश गुर्रानी भुवन आर्य आर्य जी जोशी दयाल आर्य डॉ हरीश बिष्ट रवीश जोशी पोरवी वर्मा शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंदिर में बलि पर पूरी तरह प्रतिबंध

**नैनीताल** । नंदा देवी महोत्सव के अवसर पर मंदिर में बलि पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस कर्मियों के साथ पार्किंग स्थल पर मौजूद रही। जहां से विडियोंग्राफ ी करते हुए पुलिस टीम के साथ बकरों को पूजा अर्चना के लिए मंदिर तक ले जाया गया। जहां से पूजा अर्चना के बाद टीम के साथ ही बकरे को बाहर तक लाया गया। टीम प्रभारी डॉ. हेमा राठौर ने बताया कि शाम तक 87 बकरे लेकर श्रद्धालु पहुंचे थे। विभाग की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। टीम में डॉ तरुणा बैला, डॉ आयुष नेगी, डॉ धीरज अधिकारी, राजीव पाठक, अनिल शर्मा समेत अन्य चिकित्सक व कर्मचारी जुटे रहे।

## पुलिस प्रशासन मुस्तैद

**नैनीताल**। नंदा महोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने को पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से डटा रहा। एसपी हरबंश सिंह सुबह मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही मंदिर और मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।



# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में निकाली कलश यात्रा

**भीमताल**
**हमारे संवाददाता**

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने मां नन्दाष्टमी के शुभ अवसर पर परिसर में कलश यात्रा निकाल कर रंगारंग कार्यक्रमों से पर्व को धूमधाम से मनाया। इस दौरान परिसर निदेशक एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रो.पुरूषोत्तम पंतोला, संकाय सदस्यों ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्रों ने माँ नंदा, सुनंदा की कथा व एक लघु नाटिका के माध्यम से कुमाऊँ में मां नन्दाष्टमी पर होने वाले कार्यक्रमों का चित्रण किया। छात्रों ने समूह गान के साथ ही पारम्परिक नृत्य प्रदर्शित किया। वही कार्यक्रम में मां नंदा सुनंदा डोले की सांकेतिक यात्रा निकाली व डोले पर फूलों की वर्षा की। सेंटर फॉर कुमाउंनी कल्चर एड हेरिटेज की डॉ. कविता जोशी ने सभी प्रतिभागियों व छात्र-छात्राओं के भागीदारी की प्रशंसा की। इस दौरान कार्यक्रम में राहुल, मोहित, युक्ता, सहर्ष, आयुषी, चेतना, गौरव, अर्जुन समेत अन्य लोग रहे।

# नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे। अनूठे कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन के 70वें दिन महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में जहां निगम मुख्यालय नैनीताल व केव गार्डन में पौधारोपण किया गया वहीं विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

महासंघ के उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने नौकुचियाताल परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधा लगाए वहीं विधायक राम सिंह कैड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। गढ़वाल मंडल में निगम कर्मचारियों ने पौधारोपण किया और विभिन्न माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम के कर्मचारी वृहद स्तर पर पौधारोपण कर रहे हैं तथा सफ ाई अभियान चला रहे हैं उसके बाद भी सरकार नियमितीकरण नियमावली जारी नहीं कर रही है इससे जहां पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहे आंदोलन को लोगों के द्वारा सराहा जा रहा है वहीं आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि क्यों नहीं सरकार निम्कीकरण नियमावली जारी कर रही है। आज उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया वही मंदिर के पंडित मोहन चंद्र ओली के सहयोग से पीपल का पौधा भी लगाया गया। कार्यक्रम में हर सिंह, गोपाल विष्ट, विजय बोरा, दीपक, नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मचारियों ने भाग लिया। इधर संविदा कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होने पर पर्यटक आवास गृह डीडीहाट और गैस सर्विस डीडीहाट के कर्मचारियों ने महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी का माला पहनाकर व पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बलवंत सिंह,उमा डिगारी, बबलू, संदीप, हरीश सिंह, ललित कुमार, गजेंद्र धामी, रोमा खड़ायत, सोनू बोरा, नारायण राम तथा महिमन सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### सड़क पर स्कूटी रपटी, मां-बेटे गंभीर

**नैनीताल** । नंदा अष्टमी में मां नयना देवी मंदिर में मां नंदा व सुनंदा के दर्शन के लिए जाने के दौरान सड़क पर स्कूटी रपटने से सवार मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। नैनीताल के जिला अस्पताल में उपचार के बाद महिला को हल्द्वानी रैफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार ज्योलीकोट निवासी मां बेटे बुधवार की सुबह नंदा अष्टमी में दर्शन के लिए स्कूटी से नैनीताल को आ रहे थे। ताकुला के समीप सडक में वह स्कूटी समेत रपट गए। जिसके चलते वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए जिसके बाद राहगीरों की मदद दे उनको नैनीताल के जिला अस्पताल पहुँचाया गया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि दीपा देवी की कमर में फ्रेक्चर आये हैं जिसके चलते वह इलाज के लिए हल्द्वानी चली गई है। वहीं हिमांशु को भी हल्की छोटे आई हैं।

### श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**नैनीताल** । ज्योलीकोट के समीपवर्ती ग्राम ज्योली में गोवर्धन पांडे के आवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। कथा व्यास आचार्य हरिओम जोशी ने मुख्य यजमान की उपस्थिति में प्रथम दिवस प्रवचन करते हुए कहा कि मृत्युलोक में सदाचारी धार्मिक जीवन जीते हुए मोक्ष प्राप्ति भगवत मार्ग से ही संभव है और परिवार संगठित होकर जब उक्त आयोजन करता है तो परिवार में हरि कृपा बरसती हैं। परिजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए आयोजन का समापन 15 सितंबर (रविवार) को यज्ञ तथा प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ संपन्न होगा।

### एचएन इंटर कालेज में जनसुनवाई कल होगी

**हल्द्वानी**। नगर निगम के वार्ड 20 से 30 तक के निवासियों की समस्या के समाधान के लिए कल 13 सितंबर को रामपुर रोड स्थित एचएन इंटर कालेज में शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिविर पूर्वाह्न एक बजे से लगेगा। इस दौरान जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, दाखिल खारिज के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण, खतौनी की सत्यापित प्रति, आधार कार्ड भी बनाये जायेंगे। शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी गर्भवती महिलाओं एवं लोगों का चेकअप करने के साथ औषधि वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया जनसंवाद शिविर में उद्यान, कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, जल संस्थान, विद्युत, उरेडा तथा खाद्य विभाग के स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विभागों से संबंधित आवेदन व शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा।

### बिंदुखत्ता में बनेगा सैनिक जनमिलन केंद्र

**हल्द्वानी**। पूर्व सैनिकों की लंबे समय से बिंदुखत्ता में शहीद स्मारक के पास सैनिक जनमिलन केंद्र बनाने की मांग अब पूरी होती दिख रही है। पूर्व सैनिकों ने इसके लिए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का आभार जताते हुए कहा कि जनपद आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। गौरतलब है कि जनपद नैनीताल में सबसे अधिक पूर्व सैनिक और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले जाबाजों के परिवार बिंदुखत्ता मे बसें हैं। इसके चलते बिंदुखत्ता के प्रवेश द्वार पर शहीद स्मारक का भी निर्माण किया गया है। इधर पूर्व सैनिक लंबे समय से शहीद स्मारक के पास सैनिक जन मिलन केंद्र बनाने की मांग उठा रहे थे। इसके लिए पूर्व सैनिक पिछले 8 वर्षों से प्रयासरत थे लेकिन वन भूमि का रोड़ा लगने के कारण यह मांग लटक गई थी। इधर बीते बुधवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के प्रयास से यह मामला सुलझ गया है। जिला पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर बीएस रौतेला और बिंदुखत्ता पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सूबेदार मेजर खिलाफ सिंह दानू ने सैनिक कल्याण मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र एक बीघा भूमि में जनमिलन केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पुलभट्टा पुलिस और वन विभाग की टीम ने बाराकोली रेंज में संयुक्त से कॉम्बिंग की

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर थाना पुलभट्टा पुलिस और वं वन विभाग की टीम ने चौकी बरा पुलिस क्षेत्र अंतर्गत बाराकोली रेंज में संयुक्त रूप से कांबिंग की।

कॉम्बिग के दौरान वन सीमा से लगे गांव ग्राम शहदौरा, गऊघाट, जगतारपुर एवं वनकुया में ग्रामीणों से वार्ता की गई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें वन क्षेत्र अथवा ग्राम में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने को जागरूक किया। पुलिस ने गांव के लोगों से अपराधिक तत्वों की जानकारी ली।

पुलिस ने ग्रामीणों अपराधिक घटनाओं रोकने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। बता दें कि एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने चार्ज लेने के बाद से ही जनपद की बिगड़ती कानून व्यवस्था को पटरी लाने में जुट गए हैं। रोजाना थानावार लंबित विवेचनाओं का समय पर निस्तारण व अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दे रहे हैं। बाहरी राज्यों के रह रहे लोगों का सत्यापन अभियान शुरू किया है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

**कांबिंग**

- **वन सीमा से लगे गांव में आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने को जागरूक किया**

# अभिमत



## डरने वाला समाज

*राष्ट्रपति ने सिर्फ सरकार के भरोसे न रहकर समाज को जागरूक किया है। सामाजिक संगठनों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की मानसिकता बदलनी होगी। मोबाइल पर परोसी जा रही सामग्री से किशोर, युवा के साथ प्रौढ़ आयु के लोगों में विकृत मानसिकता पनप रही है। वर्ष 2012 में दिल्ली में निर्भया कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश फूटा था उसके बाद दुष्कर्म की अनगिनत घटनाएं होती रहीं और सरकार व समाज शांत रहा। अब कलकत्ता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के बाद देशभर में गुस्सा फूटा है। यदि समाज वर्ष 2012 के बाद दर्द को भूला नहीं होता तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक होता तो महिलाओं के खिलाफ अपराध की मानसिकता बदलती।*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर आक्रोश जाहिर करते हुए अंकुश लगाने का आह्वान किया है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के कारण का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने की मानसिकता जिम्मेदार है। जरूरी है कि हम बेटियों के भय से मुक्ति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। राष्ट्रपति व राज्यपाल को दलगत राजनीति से हटकर सिर्फ राष्ट्र व राज्य तथा जनहित में कर्तव्य का पालन करने की बात कही जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से आहत होकर विशेष लेख मीडिया को प्रेषित किया। स्वतः संज्ञान लेकर राष्ट्रपति मुर्मू अपने पद के साथ समाज के हित की कसौटी पर भी खरी उतरी हैं। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में विधायिका की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शासन के निर्णयों को स्वीकार करने की औपचारिकता राष्ट्रपति को निभाना होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने औपचारिकता से आगे बढ़कर राष्ट्र व समाज के प्रति कर्तव्यबोध का परिचय दिया है। परोक्ष रूप से शासन और प्रशासन की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। राष्ट्रपति के लेख के शीर्षक से उनका दर्द झलक रहा है। उन्होंने लिखा है- 'महिला सुरक्षा : बस! बहुत हो चुका।' इस शीर्षक के चार शब्द से स्पष्ट हो जाता है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने में शासन व प्रशासन असफल है। राष्ट्रपति से सरकार और समाज को पिछली घटनाओं को नहीं भूलने तथा सबक सीखकर जागरूक होने का आह्वान करते हुए कहा है कि इतिहास अक्सर दर्द देता है। इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक स्मृतिलोप का सहारा लेते हैं और शुतुरमुर्ग की तरह अपने सिर को रेत में दबा लेते हैं। राष्ट्रपति ने सिर्फ सरकार के भरोसे न रहकर समाज को जागरूक किया है। सामाजिक संगठनों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों को महिलाओं के खिलाफ अपराधों की मानसिकता बदलनी होगी। मोबाइल पर परोसी जा रही सामग्री से किशोर, युवा के साथ प्रौढ़ आयु के लोगों में विकृत मानसिकता पनप रही है। वर्ष 2012 में दिल्ली में निर्भया कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश फूटा था उसके बाद दुष्कर्म की अनगिनत घटनाएं होती रहीं और सरकार व समाज शांत रहा। अब कलकत्ता में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के बाद देशभर में गुस्सा फूटा है। यदि समाज वर्ष 2012 के बाद दर्द को भूला नहीं होता तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक होता तो महिलाओं के खिलाफ अपराध की मानसिकता बदलती और अपराधों की संख्या घटती। अब राष्ट्रपति की पीड़ा से सीख लेकर महिलाओं को स्वयं सुरक्षा के लिए आगे आना होगा।

# नैनीताल में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर का जनजीवन लगातार बारिश के चलते अस्तव्यस्त हो चला है। माँ नंदादेवी महोत्सव में डीएसए मैदान में अस्थाई दुकानदारों को भारी नुकशान हुआ है। पिछले 24 घंटे में 110 मिमी बारिश हो चुकी है औरनैनीझील का जल स्तर 11.25 फीट पहुच गया है।

नगर मे बारिश का क्रम बुधवार देर शाम से शुरू हो गया था, जो गुरुवार अपरान्ह 12.30 बजे तक जारी थी। इस बीच नाले उफान पर हैं और लोअर मॉलरोड समेत कई मल्लीताल डीएसए फ्लैट में जलभराव हुआ है। रेड अलर्ट के चलते कक्षा एक से 12वी तक स्कूलों में अवकाश है। लगातार बारिश के चलते रोजमर्रा के कार्य बाधित हो चले हैं। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों का व्यापार प्रभावित हुआ है। नावचालक व टैक्सीचालक समेत अन्य कारोबार पर भी प्रभावित हुआ है। इधर महोत्सव मे लगी दुकानों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। कई दुकानदारों का सामना भीगने से भारी नुकशान हुआ है। कई दुकानों में पानी घूस गया है। उनका व्यापार बुरी तरह चौपट हो चला है। इसके अलावा नंदा देवी महोत्सव में बना मुख्य गेट भी बारिश के चलते गिर गया है प्राकृतिक जलश्रोत पूनः रिचार्ज होने से नाले पूनः उफान पर हैं और झील का जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है, जो 11.25 फीट पहुच गया है। व्यापारियों का कहना है खराब मौसम के उन्हें काफी नुकसान हुआ है, उन्होंने प्रशासन से मेले में दो दिन अधिक दुकान लगाने की अनुमति मांगी है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार मौसम में सुधार आने की संभावना नही है और शुक्रवार को भी हाई अलर्ट रहेगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का तापमान में गिरवाट आई है, जो अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहा। जिस कारण ठंड का हल्का एहसाह होने लगा है। समाचार लिखे जाने तक बारिश हो रही थी



**आफत**

- नंदा देवी महोत्सव में कारोबारियों को भारी नुकशान

## सीवर लाइन बिछाने के बाद बरसात में सडक़ पर धंसाव

**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी रोड में सीवर लाइन बिछाने के बाद बरसात में जगह-जगह सडक़ पर धंसाव होने लगा है। धंसाव से बने गड्ढों में बारिश का पानी भरने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते अब एडीबी की ओर से सडक़ में धसाव का उपचार शुरू कर दिया है। बीते महीने नैनीताल हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में हनुमानगढ़ी से रूसी बाईपास तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया था जिसके बाद एडीबी की ओर से सडक़ में डामरीकरण कर सडक़ की मरम्मत कर दी गई थी लेकिन बरसात की शुरुआत होते ही सडक में धंसाव नजर आने लगा था।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम सुरेश सिंह कश्यप अंकित है जो कि वास्तव में मेरा सही नाम सुरेश कश्यप है। यही सही नाम पड़ा, लिखा व अंकित किया जाए। - **सुरेश कश्यप, पुत्र राम स्वरूप कश्यप, निवासी जवाहर ज्योति, दमवाढूंगा, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# बैठक: नगला क्षेत्र के 738 परिवारों का करेगी जियोग्राफिकल सर्वे ऑफ इंडिया सीमांकन

**रुद्रपुर/पंतनगर**
**हमारे संवाददाता**

नगला नगर पालिका क्षेत्र में बसे हुए 738 परिवारों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जनता की मांग पर मंत्री मंडलीय उप समिति ने वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में वन क्षेत्र एवं पीडब्ल्यूडी क्षेत्र व अन्य विभागों के संयुक्त जांच कमिश्नर कुमाऊं की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा ज्योग्राफिकल सर्वे आफ इंडिया की तकनीकी समिति से निर्धारित की जाएगी।इस कार्य को दो-तीन माह में तय करना होगा।

मंत्री मंडलीय उपसमिति के सदस्य मंत्री सौरभ बहुगुणा से किच्छा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कुछ दिनों पूर्व मांग की थी कि नगला के संबंध में डाली गई पीआईएल में पीडब्ल्यूडी, वन विभाग ने विधि अनुरूप सही पैमाइश नहीं की गई तथा पीडब्ल्यूडी ने स्टेट हाईवे के मध्य से दोनों और अपनी भूमि को नहीं नापा। जिससे कई विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं और इसी कारण वन भूमि का सीमांकन भी प्रभावित हो रहा है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल में आज वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार सचिवालय देहरादून में बैठक आहूत की। जिसमें मंत्री सुबोध उनियाल (अध्यक्ष), सौरभ बहुगुणा (सदस्य मंत्री परिषद उप समिति), प्रदीप पंत सचिव न्याय, आरके सुधांशु सचिव वन, एके पांडे सचिव राजस्व/ कृषि आरके श्रीवास्तव अपर सचिव राजस्व एवं वन, राजस्व, लोक निर्माण विभाग के आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों एवं नगला की जनता की ओर से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, नारायण सिंह अरमोली, हरीश जोशी, एडवोकेट पियूष पंत, एडवोकेट नवीन रजवार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।बैठक में नगला की ओर से तर्क रखा गया की लोक निर्माण विभाग ने सन 1966 में एक नोटिस देकर सड़क के मध्य से दोनों और 50 फुट-50 फुट सड़क का निर्धारण करते हुए कब्जे हटाए,किंतु आज लोक निर्माण विभाग सड़क के एक ओर ही सौ फुट पर क्लेम कर रही है जो गलत है, इसी प्रकार वन भूमि का निर्धारण भी फिक्स पॉइंट से नहीं किया गया है। विचार विमर्श के बाद मंत्री मंडलीय उप समिति ने यह निर्णय लिया कि नगला में वन भूमि के सीमांकन के लिए ज्योग्राफिकल सर्वे आफ इंडिया की विशेषज्ञ समिति से नाप कराई जाएगी।



इसमें लोक निर्माण विभाग, वन एवं अन्य विभाग में संयुक्त रूप से शामिल होंगे एवं इसकी अध्यक्षता कुमाऊं कमिश्नर करेंगे तथा यह समिति तीन माह में अपनी रिपोर्ट देगी तद्नुसार आगे कार्यवाही होगी।

# फिल्मी दुनिया

## बॉक्स ऑफिस पर कम हुआ सरकटे का आतंक गोट की कमाई में गिरवाट




*स्त्री 2 ने एक तरफ जहां लंबे समय से बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर राज किया है। वही अब वीकडेज में इसका कहर दर्शकों पर कम होता दिखाई दे रहा है। ये कहने में कोई दो राय नहीं है कि राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म ने दर्शकों के बीच गदर मचा दिया। वही, 400 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी विजय की गोट की कमाई में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। आइए जानते हैं कि बुधवार को किस फिल्म ने कैसा प्रदर्शन किया है। स्त्री 2 सावन की पहली बारिश की वो फुहार बन कर आई है, जिसने थिएटर मालिकों को खुश कर दिया है। लंबे समय से सिनेमाघर एक बड़े हिट की तलाश में था। स्त्री 2 हाउसफुल शोज ने यह बात साबित कर दी है कि अच्छी कहानी और कॉमेडी से दर्शकों को आसानी से सिनेमाघरों में खींचा जा सकता है। फिल्म ने शाहरुख की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान को भी पछाड़ दिया है। फिल्म की कमाई की बात की जाए तो 28वें दिन की बात करें तो, शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 3 करोड़ रुपये की कमाई की है। इससे इसका अब तक का कुल कलेक्शन 536.60 करोड़ रुपये हो गया है। अब फिल्म को वीकेंड से उम्मीदें है। बता दें कि अब आने वाले दिनों में स्त्री 2 का सामना कुछ बड़ी फिल्मों से होने वाला है।*

### मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक

*विजय की गोट साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक रही है। विजय के फैंस फिल्म देखने के लिए लगातार सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। वीकेंड में फिल्म दर्शकों की भीड़ इकट्ठा करने में कामयाब नहीं हो पा रही है। हालांकि, अब फिल्म को वीकेंड से काफी उम्मीदें हैं। वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी विजय अभिनीत फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम यानी (गोट) की कमाई की बात करें तो सातवें दिन के आंकड़ों पर गौर फरमाएं तो इसका कलेक्शन महज 8 करोड़ रुपये ही रहा है, इस तरह फिल्म की भारत में अब तक की कुल कमाई 170.75 करोड़ रुपये ही हो पाई है।*

# पूर्व विधायक ठुकराल के छोटे भाई संजय अस्पताल में भर्ती

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के भाई एवं समाजसेवी संजय ठुकराल घर पर अचानक गिर गए और बेहोश हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक संजय की नाक की हड्डी फैक्चर हो गई। संजय ठुकराल के घायल होने की सूचना मिलते ही तमाम राजनैतिक और सामाजिक संगठनों लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। किच्छा के विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ , गदरपुर विधायक पूर्व मंत्री अरविंद पांडे,निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा समेत तमाम राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग अस्पताल पहुंचे और उन्होंने संजय ठुकराल का हाल जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चिकित्सकों के मुताबिक संजय के स्वास्थ्य में सुधार है। जल्दी ही स्वस्थ होकर घर पहुंचेगें।



## News कॉर्नर

### कुमाऊं विवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में 12 व 13 सितंबर को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव (गूज समारोह) आयोजित किया जाएगा। बता दें कि परिसर में वर्ष 2017 से परिसर में गूज समारोह आयोजित किया जा रहा है। डीएसबी परिसर के छात्र संघ के तत्वावधान में आयोजित गूज समारोह में पहले दिन यानी आज मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट,खेल मंत्री रेखा आर्या व सिक्योरिटी इंडियन ओलंपिक राजीव मेहता और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कोटाबाग के ब्लाक प्रमुख रवि कन्याल व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया रहेंगी। इसके साथ ही प्रोग्रामर में स्वेता मेहरा व उनकी टीम रहेगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य, कुलपति प्रो. डीएस रावत व विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्य मंत्री प्रो. अनिल कपूर डब्बू तथा निवर्तमान कुलसचिव प्रो. अतुल जोशी रहेगें इसके साथ ही स्टार प्रोग्रामर माया उपाध्याय और टीम रहेगी।

### बूथ संख्या 105 में लोगों को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नैनीताल द्वारा सदस्यता महा अभियान के तहत बुधवार को अपर माल रोड वार्ड के बूथ संख्या 105 में लोगों को सांसद अजय भट्ट की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी मंडल नैनीताल ने जनता को ऑनलाइन सदस्य बनाया गया। बूथ के इस कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत में इतने विकास कार्य हुए हैं और विश्व में भारत की छवि एक शक्तिशाली देश के रूप में हुई है जिससे प्रभावित होती देश की जनता भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महान सदस्यता अभियान में देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले रही है।

# कांग्रेस सरकारों का इतिहास, गैंगवार, अफसरों पर हमले और महिला अपराधों से दागदार:भट्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा ने कानून व्यवस्था को लेकर हरीश रावत समेत तमाम कांग्रेसियों के आरोपों को बेबुनियाद एवं राजनीति से प्रेरित बताया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस को आइना दिखाते हुए कहा, इनकी सरकार का इतिहास तो गैंगवार, अफसरों पर हमले और महिला अपराधों की काली स्याही से लिखा हुआ है। कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष की लगातार होने वाली बयानबाजियों को उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है । जबकि आज राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में कानून का राज है । अब तक जितनी भी अपराध की घटनाएं सामने आई हैं उनपर तत्काल कठोरतम कार्यवाही की गई हैं ।



कांग्रेस और उनके सहयोगियों के अतिरिक्त कोई भी नही कह सकता है कि आरोपियों को लेकर पक्षपात किया गया हो, या कार्यवाही में जानबूझकर देरी की गई हो । लगभग सभी दोषी कानून के शिकंजे में हैं और न्यायिक प्रक्रिया से अपनी सजा का इंतजार कर रहे हैं । लेकिन कांग्रेस के नेता झूठ, अफवाह और भ्रम फैलाने की अपनी राष्ट्रीय नीति का उत्तराखंड में भी अमल कर रहे हैं । उन्होंने हरदा को कानून व्यवस्था को लेकर आइना दिखाया कि बतौर मुख्यमंत्री उनका कार्यकाल यूपी स्टाइल में हुई गैंगवार, अफसरों पर हमले और महिला अपराधों जैसी कई घटनाओं से पूरा दागदार रहा है । राज्यवासियों की याददाश्त में आज भी वह खौफनाक माहौल ताजा है जब देवभूमि में गैंगस्टर, खनन माफियाओं और महिला अपराधियों का राज चलता था। इनके तत्कालीन गृहमंत्री प्रीतम सिंह सदन में अपनी अनदेखी का रोना रोते रहते थे और मैदान और पहाड़ में क्राइम के भेड़िए खुलेआम घूमते थे। शांत पहाड़ों में अपराध का ग्राफ इतना बड़ा कि अल्मोड़ा जैसे जिले में ट्रिपल मर्डर हुए, रुड़की में बम विस्फोट में एनआईए को आना पड़ा, रुड़की जेल के सामने गैंगवार में हुई तीन हत्या के छह महीने बाद भी मुख्य अभियुक्त फरार रहा, रामनगर में आत्मदाह के अभियुक्त को पुलिस सुरक्षा देती रही।

उन्होंने कटाक्ष किया कि कांग्रेस सरकार में आम आदमी तो दूर, पुलिस के बड़े बड़े अधिकारी भी सुरक्षित नहीं थे। रुड़की में ही आईपीएस प्रहलाद मीणा पर खनन माफियाओं ने फायरिंग की थी, लेकिन कुछ कार्यवाही नही हुई। उधमसिंहनगर में अवैध खनन के कारोबार को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष प्रताप बिष्ट की हत्या कर दी गई। रामनगर में छात्र नेता आत्मदाह कांड हुआ तो मुख्य अभियुक्त संजय नेगी की गिरफ्तारी के बजाय उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया कराती रही। हल्द्वानी में नाबालिग लाड़ली की हत्या में मुकद्दमा दर्ज करने से लेकर गिरफ्तारी तक में बेहद देरी की गई। हत्या अभियुक्तों की सजा माफ कर जेल से रिहा किए गए और पुलिस चौकी में आईपीएस के सिपाही भाई की हत्या कर अभियुक्त फरार रहा। इनकी सरकार में शहरों में एटीएम लुटते रहे, खनन के कारोबार में मर्डर होते रहे । हद तो तब हो गई जब हल्द्वानी जेल में बंद एक बदमाश ने पेशी के दौरान बुलंदशहर में डकैती डालने की घटना की अंजाम दे दिया था । जेल के मुख्य दरवाजों पर हुई गैंगवार में तीन हत्या हुई और मुख्य आरोपी फरार रहा।

उन्होंने हरदा समेत तमाम कांग्रेस नेताओं से कानून व्यवस्था को लेकर संभल कर बोलने की सलाह दी । साथ ही भाजपा सरकारों से सीखने की अपील करते हुए कहा, हम अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हैं। जिसमें अपना पराए को किनारे रखकर, निष्पक्ष कार्यवाही कर कड़ाई से कानून का पालन कराया जाता है ।

# महिला ने ससुर पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

एक महिला ने अपने ही ससुर पर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस को सौंप तहरीर में ग्राम कपकोट बरहैनी बाजपुर ऊधमसिंह नगर निवासी महिला ने कहा है कि उसका विवाह 2014 में मधुबन कॉलोनी मुखानी निवासी वीरेंद्र सिंह के पुत्र चंदन बरा से हुआ था तब से ही ससुराल उसके साथ मारपीट करता था जिससे तंग आकर वह 2019 में अपने मायके चली गई और तब से ही वह अपने मायके में रह रही है पीड़िता



का कहना है कि वह अपना भरण पोषण के लिए ज्वैलर्स शोरूम नैनीताल रोड पर कार्य करती है।

पीड़िता का कहना है कि जब वह शोरूम से छुट्टी के बाद अपने कमरे की ओर जाने के लिए निकलती है तो उसका ससुर वीरेंद्र सिंह उसका पीछा करता है और उसके साथ छेड़छाड़ करता है उसका कहना है कि वह 10 सितंबर को अपने सहकर्मी सुमन के साथ छुट्टी के बाद अपने कमरे की ओर जा रही थी। तो उसने देखा कि उसका ससुर शोरूम के बाहर खड़ा है जैसे ही वह अपने कमरे की ओर जाने लगी तो उसके ससुर ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया जब पीड़ित ने ससुर से पूछा तो उसने उसके साथ में छेड़छाड़ करना शुरू कर दी पीड़िता कहना है कि वह किसी तरह से श्रम विभाग वाली गली में पहुंची तो उसका ससुर भी वहीं पहुंच गया और उसको पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा यह देख उसने शोर गुल मचा दिया इतने में ही उसके स्टाफ के अमित जोशी व नवीन मेहता वी एक अन्य व्यक्ति वहां पहुंच गए उन्होंने उसको बचाया पीड़िता का कहना है कि उसका ससुर उसके ऊपर विवाह के समय से गंदी नियत रखता है। पुलिस ने पीड़िता के ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर 9 मकान मालिकों का 83 पुलिस एक्ट में चालान

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर कोतवाली सितारगंज, सिडकुल पुलिस चौकी क्षेत्र में बाहरी राज्यों के रह रहे लोगों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया गया। यह अभियान ग्राम उकरौली,90 एकड़ क्षेत्र में रह रहे बाहरी राज्यों के व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

अभियान के दौरान बिना सत्यापन कराए व्यक्तियों को रखने वाले मकान मालिकों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा। पुलिस ने 9 मकान मालिकों के खिलाफ धारा 83 पुलिस एक्ट में चालान किया गया है।16 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध अंतर्गत धारा 81 पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि इस दौरान संदिग्ध प्रतीत

**कार्रवाई**
- 16 लोगों का 81 पुलिस एक्ट में कार्रवाई,1 दर्जन से अधिक संदिग्धों को पूछताछ को चौकी में लाया गया
- एसएसपी बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर सख्त

हो रहे एक दर्जन से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए चौकी लाया गया। पूछताछ की जा रही है।

सत्यापित कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी ने बताया कि बिना सत्यापन के किराएदार रखने वाले मकान मालिकों पर भी कार्रवाई हो रही है। उन्होंने मकान मालिकों से सत्यापन कराने के बाद किराएदार रखने को कहा है। पुलिस के चैकिंग के दौरान बिना सत्यापन के किराएदार मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के मायके जाने पर पति ने शराब के नशे में हंगामा किया



हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कहासुनी के बाद पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध पति ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। उसने पहले तो जमकर शराब पी और फिर कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसकी सूचना पर पत्नी पहुंची तो घर की महिलाओं के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार सुनार कॉलोनी मुखानी निवासी कमल का बीते दिवस अपनी पत्नी कमला के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर कमला मायके चली गई। बताया जाता है कि पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध कमल ने जमकर शराब पी। इसके बाद वह कीटनाशक ले आया और बेस अस्पताल के बाहर ही उसे पी लिया। इसकी जानकारी उसने अपनी पत्नी के साथ ही परिवार को दी। इस पर कमला के साथ ही कमल की भाभी, बहन समेत अन्य सदस्य बेस अस्पताल के बाहर पहुंच गए। जहां इन सभी ने आपस में ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए बीच सड़क हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। साथ ही कमल को उपचार के लिए बेस अस्पताल के अंदर दाखिल कराया। बताया जाता है कि इस बीच वह अस्पताल से भाग निकला। उसे किसी तरह पकड़ कर निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। बहरहाल उसका उपचार चल रहा है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चुराई

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है वाहन चोर किसी न किसी के वाहन पर हाथ साफ करते नजर आ रहे हैं जहां पुलिस नगर को अपराध मुक्त कह रही है वहीं नगर में अपराध और अपराधी किसी न किसी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

# स्थानांतरण होने पर नई कार्यकारिणी के गठन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग (आपूर्ति शाखा) अराजपत्रित कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पूर्ति निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (राजपत्रित अधिकारी) पद पर पदोन्नति होने तथा महामंत्री दिवाकर देव लोहनी के अन्य जनपद में स्थानांतरण होने के फलस्वरूप उनके द्वारा कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन बैठक कर किया



गया।

बैठक में सर्वसम्मति से दीप चन्द्र बेलवाल को अध्यक्ष, गौरव जोशी को महामंत्री, राजेन्द्र कुमार भट्ट को कोषाध्यक्ष, अनीता पंत को उपाध्यक्ष तथा रवि डालाकोटी को मीडिया प्रभारी और अरुण कुमार को सह महामंत्री चुना गया।

# रुद्रपुर पहुंची भाजपा सांसद-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

भाजपा की सांसद,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा का शहर में पहुंचने पर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ और जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया।

गुरूवार को भाजपा नेता चुघ अपने समर्थकों के साथ किच्छा रोड स्थित होटल में पहुंचे और सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वर्मा का स्वागत किया। इस दौरान चुघ ने आश्वासन दिया कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा संचालित भाजपा सदस्यता अभियान का लक्ष्य शत प्रतिशत रहेगा। जिसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया गया है। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों



को लेकर जनता के मध्य भी टोली बनाकर प्रचार किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि जिला,नगर एवं ब्लाक कार्यकारिणी आपसी समाजस्य बनाकर सदस्यता अभियान में तेजी लाए और चुघ को भी भाजपा सांसद ने प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,रामपाल,अनिल चौहान, उपेंद्र चौधरी, तरुण दत्ता,विराट कोहली, अमित गौड़, शिव कुमार, सनी पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

**अभियान**
- भाजपा नेता चुघ ने एवं जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने समर्थकों के साथ किया स्वागत